Dabang Dunia (Indore), 08th December 2020, DD-2, Page-2



# वायरस नष्ट करने के लिए आईआईटी ने भेंट की मशीन

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के स्टूडेंट्स द्वारा कीटाणु और वायरस नष्ट करने वाले उपकरण तैयार किए गए। एक यूवी सेनेटाइजेशन बॉक्स और एक यूवी आर्म नामक इन उपकरणों से एक कमरे या परिसर को कीटाणु मुक्त किया जा सकता है, जबकि दूसरा कागजों, फाइल आदि को कीटाणु, वायरस मुक्त करने के काम आता है। ये उपकरण सोमवार को आईआईटी प्रबंधन ने सिमरोल के सरकारी अस्पताल और पुलिस थाने को सौंपे। दोनों उपकरण पराबैंगनी (यूवी) विकिरण प्रणाली पर काम करते हैं। इसमें यूवीसी लैंप का इस्तेमाल किया गया है। इससे निकलने वाली यूवी किरणें किसी तरह की सतह, पानी, हवा और असरंध्र वस्तुओं को कीटाणु मुक्त कर सकती हैं। बताया जाता है कि कोरोना वायरस से लड़ने में भी ये उपकरण काफी प्रभावी साबित हुआ था।

## ऐसे करते हैं काम

आईआईटी प्रबंधन के मुताबिक यूवी आर्म से आधे घंटे में ही 100 वर्गफीट क्षेत्र को कीटाणु मुक्त किया जा सकता है, जबकि यूवी बॉक्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि महज एक मिनट में वो बॉक्स में रखे गए पेपर, फाइल अथवा अन्य किसी भी तरह की वस्तु को कीटाणुओं से मुक्त कर सकता है। आईआईटी ने दोनों संस्थानों के उपयोग के लिए उपकरण दिए हैं, क्योंकि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों न सिर्फ लोगों से सीधे जुड़े हैं, बल्कि कोरोनाकाल में लगातार सेवाएं देते हुए लोगों के बीच पहुंच रहे हैं।